जनता पालीटेक्निक जहांगीराबाद, भईपुर (बुलन्दशहर) उ0 प्र0 – 203391

–: आवश्यकता है :–

संस्था में संचालित डिप्लोमा इन फार्मेसी एवं इलैक्ट्रोनिक्स इन्जी0 पाठ्यक्रम में शिक्षण कार्य हेतु निम्न पदों पर स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत शासनादेश द्वारा निर्धारित प्रति पीरियड भुगतान के आधार पर अनुबन्ध अनुसार (नियमित नियुक्ति होने तक अथवा अधिकतम दो शैक्षिक सत्रों के लिये, इनमें से जो भी पहले हो, प्रति कालांश के अनुसार) अतिथि व्याख्याताओं को नितान्त अस्थाई रूप से नियुक्त किया जाना है। सम्पूर्ण वायोडाटा/विवरण एवं समस्त शैक्षिक एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों की 2–2 स्वप्रमाणित प्रतियां एवं 2–2 पासपोर्ट आकार के स्वप्रमाणित फोटो सहित आवेदन पत्र इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 10 दिन के अन्दर अध्यक्ष प्रबन्ध समिति के कार्यालय में उपरोक्त पते पर आमन्त्रित किये जाते है। सभी पद अस्थाई हैं तथा प्रबन्ध तन्त्र के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह आवश्यकतानुसार पदों की संख्या घटा–बढ़ा सके या किसी पदधारक को बिना कारण बताये सेवा से मुक्त कर सकें।

1. व्याख्याता फार्मेसी (02 पद) – शैक्षिक अर्हता – सम्बन्धित विषय में ए0आई0सी0टी0ई0/पी0सी0आई0 से मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रथम श्रेणी के साथ स्नातक उपाधि एवं 03 वर्ष का अनुभव अथवा स्नातकोत्तर उपाधि। मानदेय – अधिकतम रू0 21000/–मासिक, आयु सीमा – 21 से 40 वर्ष।

2. व्याख्याता इलैक्ट्रोनिक्स इन्जी0 (02 पद) एवं व्याख्याता इलैक्ट्रिकल्स इन्जी0 (01 पद) – शैक्षिक अर्हता – अभियंत्रण/प्रौद्योगिकी सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में प्रथम श्रेणी के साथ बी0ई0/बी0टेक0/बी0एस0।, हिन्दी का ज्ञान। अधिमानी– 1. सम्बन्धित विषय में स्नात्कोत्तर उपाधि। 2. एक वर्ष का औद्योगिक अनुभव। टिप्पणी– सरकारी/सहायता प्राप्त संस्थाओं, सार्वजनिक उपक्रमों अथवा लिमिटेड संगठनों का अनुभव स्वीकार्य होगा। मानदेय – अधिकतम रू0 21000/– मासिक, आयु सीमा – 21 से 40 वर्ष।

3. व्याख्याता भौतिकी (01 पद) – शैक्षिक अर्हता – विज्ञान और मानविकी के लिये किसी सुसंगत विषय में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर उपाधि या उसके समकक्ष और यू0जी0सी0 या सी0एस0आई0आर0 द्वारा संचालित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) अथवा एस0एल0ई0टी0/एस0ई0टी0 जैसे यू0जी0सी0 द्वारा प्रत्यायित कोई समान परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की हो। मानदेय – अधिकतम रू0 21000/– मासिक, आयु सीमा – 21 से 40 वर्ष।

4. कर्मशाला अनुदेशक फिटिंग (01 पद) – 1. राजकीय माध्यमिक प्राविधिक विद्यालय से सम्बन्धित ट्रेड में तीन वर्षीय प्रमाण पत्र अथवा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से सम्बन्धित ट्रेड में प्रमाण पत्र के साथ हाईस्कूल अथवा सम्बन्धित शाखा में डिप्लोमा। अधिमानी अर्हता :– 2. प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात् तीन वर्ष का औद्योगिक अनुभव। मानदेय – अधिकतम रू0 13500/– मासिक, आयु सीमा – 21 से 40 वर्ष।

अध्यक्ष

प्रबन्ध समिति